# Chhattisgarh State Cooperative Union Ltd.

# Raipur (C.G.)

## Annual Report

## वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23

# छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित, रायपुर
# वार्षिक प्रतिवेदन 2022–23

**1. संस्था का पंजीयन क्र. एवं दिनांक :– पंजीयन क्र. 219 दिनांक 31.10.2000**

छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर, राज्य में सहकारिता आन्दोलन के विकास और उसके हितो की रक्षा हेतु मान्य प्रतिनिधि संस्था एवं सहकारिता विभाग के अधीनस्थ एक शीर्षस्थ सहकारी संस्था है। छत्तीसगढ़ राज्य सहकारी संघ का गठन राज्य विभाजन के परिणाम स्वरुप 30.10.2000 को हुआ व संघ का पंजीयन क्रमांक 219 है एवं इसका कार्य क्षेत्र सम्पूर्ण छत्तीसगढ़ राज्य है। संघ मुख्यतः सहकारिता आन्दोलन को बढ़ाने, प्रचार–प्रसार करने एवं सहकारी शिक्षा–प्रशिक्षण प्रदान करने वाली संस्था है। वर्तमान में संघ का मुख्यालय निम्नलिखित पते पर स्थित है :–

पता :– 16 पार्क स्ट्रीट–3 चौबे कॉलोनी रायपुर, संघ का दूरभाष न. 0771–4061702, 4031702, संघ का वेबसाईट www.cgcoop.in तथा संघ का ईमेल आईडीः– cgstatecoopunion2013@gmail.com, cgcoopnews@gmail.com

- **संघ का मुख्य उददेश्य :– सहकारिता आन्दोलन को आगे बढ़ाने एवं गतिशीलता प्रदान करने हेतु संघ द्वारा किये जाने वाले कार्यः–**
  - सदस्य सहकारी शिक्षा योजना
  - सहकारी प्रशिक्षण योजना
  - प्रचार – प्रसार एवं प्रकाशन
  - शोध एवं ग्रंथालय
  - सम्मेलन

- **सदस्य सहकारी शिक्षा योजना :–**इस योजना के अंतर्गत दो योजानाएं कार्य कर रही है। प्रथम सामान्य सहकारी शिक्षा योजना एवं दूसरी आदिवासी सहकारी शिक्षा योजना, इन दोनों योजनाओं के अंतर्गत सहकारी संस्थाओं के सदस्यों, कार्यकारिणी सदस्यों एवं पदाधिकारियों को सहकारिता में शिक्षित करना है।

- **सहकारी प्रशिक्षण योजना :–** संघ द्वारा संचालित सहकारी प्रशिक्षण केन्द्र, रायपुर द्वारा अपने वार्षिक कार्यक्रम के अंतर्गत नियमित एवं अल्पावधि दो प्रकार के सत्रों का आयोजन करता है। नियमित सत्र **16 सप्ताह का ''सहकारी प्रबंध में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम आनलाईन''** एवं **अल्पावधि सत्र 1 दिवसीय से 14 दिवसीय तक** का विभिन्न विषयों में आयोजन करता है। सहकारी प्रबंध में पत्रोपाधि पाठ्यक्रम का संचालन कोरोना काल से

(2020–21 से) आनलाईन आयोजित किया जा रहा है। वर्ष 2023–24 मे भी 16 सप्ताह के आनलाईन डिप्लोमा सत्र आयोजित कर 96 लोगों को प्रशिक्षित किया जा रहा है।

**नियमित सत्र**

| वर्ष | लक्ष्य | | पूर्ति | |
|---|---|---|---|---|
| | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या |
| 2020-21 | 2 | 60 | **1** | **175** |
| 2021-22 | 2 | 60 | **2** | **222** |
| 2022-23 (31.03.23 तक) | 2 | 60 | **2** | **316** |
| 2023-24 (01.07.23 से 20.10.23 तक) | 1 | 30 | **1** | **96** |

**शिक्षा–प्रशिक्षण योजनान्तर्गत विगत 3 वर्षों में निम्नानुसार प्रशिक्षण आयोजित किए गए :–** विगत 03 वर्षो में राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों में प्रशिक्षण ईकाईओं के माध्यम से निम्नानुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को सहकारी शिक्षा प्रशिक्षण प्रदान किया गया है।

**अल्पावधि सत्र**

| वर्ष | लक्ष्य | | पूर्ति | |
|---|---|---|---|---|
| | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या | सत्र संख्या | प्रशिक्षित संख्या |
| 2020-21 | 64 | 1920 | **38** | **2762** |
| 2021-22 | 38 | 1140 | **6** | **317** |
| 2022-23 (31.03.23 तक) | 458 | 9160 | **328** | **6422** |

- **प्रचार –प्रसार एवं प्रकाशन :–** नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य में सहकारिता आन्दोलन के विकास हेतु संघ माह अगस्त 2003 से छत्तीसगढ़ सहकारी समाचार पाक्षिक का प्रकाशन कर रही है। जिसमे सहकारी समिति से जुड़े सदस्यों एवं आम कृषको के हित में राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रकाशन सहकारी समाचार पत्र के माध्यम से करके आम लोगों तक योजनाओं की जानकारी देने का प्रयास किया जाता है। छत्तीसगढ़ सहकारी समाचार पाक्षिक को प्रकाशन वर्ष के बाद से लगातार तीन वर्षो तक क्रमशः 2003, 2004, 2005 आल इंडिया बेस्ट को आपरेटिव्ह जर्नल एवार्ड मिला जिसमें भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली द्वारा प्रमाण पत्र दिया गया है एवं चौथे वर्ष 2006 में आल इंडिया लेबल पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ, जिसमें आंध्रप्रदेश के तात्कालीन मुख्यमंत्री श्री राजशेखर रेडडी द्वारा आवार्ड प्रदान किया गया। छ.ग. सहकारी समाचार को अब 12 पृष्ठीय रंगीन एवं चिकनाई युक्त पेपर में प्रिंट किया जा रहा है जिसके लिए विभिन्न राज्यों से इसकी प्रशंसा हो रही है तथा प्रशस्ति पत्र प्राप्त हो रहा है। प्रचार –प्रसार हेतु विभिन्न प्रकार के पाम्पलेट, फोल्डर एवं पोस्टर्स का भी प्रकाशन किया जाता है।

1. **सहकारी समाचार का प्रकाशन :–** संघ द्वारा प्रकाशित समाचार के माध्यम से सहकारी समिति से जुड़े सदस्यों एवं आम कृषको के हित में राज्य शासन एवं केंद्र शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं का प्रकाशन, सफलता की कहानियां, सहकारी क्षेत्र के स्थानिय समाचार, शासन का परिपत्र आदि का प्रकाशन सहकारी समाचार पत्र के माध्यम किया जा रहा है साथ ही सहकारी बैंको के वित्तीय पत्रको का प्रकाशन किया जाता है। उक्त सहकारी समाचार पाक्षिक को विगत वर्षो में आल इंडिया बेस्ट को आपरेटिव्ह जर्नल एवार्ड एवं आल इंडिया लेबल पर द्वितीय स्थान प्राप्त हुआ है।

2. **राज्योत्सव में सहकारिता का प्रचार–प्रसार :–**
   छ.ग. राज्य के स्थापना दिवस पर आयोजित राज्योत्सव कार्यक्रम में सहकारिता विभाग का स्टाल लगाया जाता है। जिसमें संघ द्वारा प्रत्येक वर्ष सहकारिता के प्रचार–प्रसार के लिए विभिन्न विषयों पर फोल्डर एवं पाम्पलेट्स तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार का वितरण कर सहकारिता का प्रचार–प्रसार किया जाता है।

**राष्ट्रीय कृषि मेला :–**

1. छत्तीसगढ़ शासन कृषि विभाग द्वारा कृषि मेला में सहकारिता विभाग के स्टाल डोम में सहकारिता विभाग, सहकारी बैंकों एवं छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्यादित रायपुर एवं शासन द्वारा चलाये जा रहे जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारियों का फ्लेक्स, फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर तैयार कर तथा संघ द्वारा प्रकाशित छ.ग. सहकारी समाचार के माध्यम से उपस्थित कृषक सदस्यों, कृषको एवं आमजन को जानकारी देकर सहकारिता का प्रचार–प्रसार किया गया।

**अन्य गतिविधियां :–**

1. **महिला सशक्तिकरण पर प्रशिक्षण :–** संघ द्वारा महिलाओं एवं गृहणियों को सहकारिता से जोड़ने एवं आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न स्वसहायता समूहों को एकत्रित कर कार्यशाला एवं प्रशिक्षण शिविरों का आयोजन कर स्वसहायता समूहो के सशक्तिकरण एवं महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए फोल्डर, पाम्पलेट्स एवं ब्रोसर वितरित किया जाता है।

2. **सहकारी सप्ताह का आयोजन :–** ''अखिल भारतीय सहकारी सप्ताह के अवसर पर जिला सहकारी संघों को पूर्ण सहयोग देकर सात दिवसीय सहकारी सप्ताह 14 से 20 नवंबर मनाया जाता है। जिसमें भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ नई दिल्ली द्वारा अलग–अलग दिवसों हेतु थीम निर्धारित किया जाता है।

3. **नवीन सहकारी समितियों के गठन हेतु मार्गदर्शन :–** छ.ग. राज्य सहकारी संघ द्वारा नवीन सहकारी समितियों के गठन हेतु आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है तथा समिति के पंजीयन हेतु पंजीयन प्रपत्र, आदर्श उपविधि उपलब्ध कराया जाता है। उक्त फलस्वरूप निम्नलिखित समितियों का गठन संभव हो पाया:–

1. बालोद जिला सहकारी संघ मर्या. बालोद
2. किसान मितान बहुउद्देशीय सहकारी समिति
3. संत कबीर सहकारी साख समिति
4. किसान समृद्धि बहुउद्देशीय सहकारी समिति
5. अरकी विपणन सहकारी समिति

- **शोध एवं ग्रंथालय :–** संघ मुख्यालय एवं सहकारी प्रशिक्षण केंद्र में ग्रंथालय संचालित है। यहाँ पर शोधार्थी छात्रों को सहकारिता के सन्दर्भ ग्रन्थ उपलब्ध कराकर आवश्यक मार्गदर्शन दिया जाता है साथ ही विभिन्न सहकारी संस्थाओं के सम्बन्ध में भी शोध का कार्य संघ द्वारा किया जाता है।

- **सम्मेलन :–** राज्य संघ की उपविधि अनुसार संघ प्रत्येक तीन वर्ष में 1 बार राज्य स्तरीय सहकारी सम्मलेन आयोजित करता हैं। जिसमे प्रदेश की समस्त राज्य स्तरीय, जिला स्तरीय सहकारी संस्थाओं के पदाधिकारियो प्रतिनिधियों को आमंत्रित किया जाता है। इसमें सहकारिता के विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा कर सहकारिता से संबंधित जानकारी दी जाती है व सम्मेलन का प्रतिवेदन शासन को भेजा जाता है।

## सहकारिता के क्षेत्र में छ.ग. राज्य सहकारी संघ द्वारा उठाये गये कदम/किये गये प्रयास

छ.ग. राज्य सहकारी संघ मर्या. रायपुर द्वारा राज्य के सहकारी आंदोलन को बढ़ाने, शासन के जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुचाने, सहकारिता के क्षेत्र में शिक्षा के स्तर को बढ़ाने तथा सहकारी समितियों के आर्थिक उत्थान एवं समितियों के बुनियादी ढांचे बनाने हेतु शासन से पत्राचार किया गया। जिसके फलस्वरूप वांछित परिणाम में प्राप्त हुए।

### ➢ समितियों के उत्थान हेतु संघ द्वारा शासन स्तर पर किए गए प्रयास :–

- सहकारी समितियों में गोदाम निर्माण हेतु संघ द्वारा पत्राचार किया गया तथा राज्य शासन द्वारा उक्त सुझाव अनुरूप सहकारी समितियों में आर्थिक सहयोग से गोदाम का निर्माण करवाया गया।
- सहकारी समिति का पंजीयन कैसे कराये जानकारी के लिए फोल्डर का वितरण
- सहकारी समितियों में शेड एव चबुतरा निर्माण हेतु पत्राचार किया गया तथा शासन द्वारा संघ के सुझाव अनुरूप सहकारी समितियों में आर्थिक सहयोग से चबुतरा का निर्माण करवाया गया।
- सहकारी समितियों को लगने वाले आयकर से छूट हेतु पत्राचार।
- सहकारी समितियों में धान खरीदी से होने वाले क्षति पूर्ति एवं शार्टेज के संबंध में पत्राचार किया गया।
- सहकारी समितियों के युक्तियुक्तकरण किये जाने हेतु पत्र पत्राचार।

- समर्थन मूल्य पर खरीदी गई धान के निरन्तर परिवहन व्यवस्था किये जाने के संबंध में पत्राचार।
- मंडी विपणन बोर्ड द्वारा धान खरीदी में प्राप्त कमीशन का 50 प्रतिशत राशि 05 वर्षो तक सहकारी समितियों में गोदाम, शेड, चबुतरा बनाये जाने पर खर्च करने बाबत।

➢ **प्रदेश के युवाओं को सहकारी आन्दोलन से जोड़ने एवं सहकारिता की जानकारी देकर उन्हे सहकारिता के क्षेत्र में स्वरोजगार हेतु प्रेरित किया गयाः–**

- युवा एवं सहकारिता पर फोल्डर तैयार कर सार्वजनिक मंचो के माध्यम से वितरण
- सहकारिता में युवाक्रांति विषय पर सार्वजनिक मंचो के माध्यम से फोल्डर वितरण
- ''समस्याएं अनेक हल एक'', ''आओ निकाले सहकारिता में समस्या का हल'' पर सार्वजनिक मंचो एवं विद्यालयों एवं महाविद्यालयों के माध्यम से फोल्डर वितरण।
- सहकारी समिति का पंजीयन कैसे कराये जानकारी के लिए विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में फोल्डर का वितरण
- सहकारी समितियों के पंजीयन की प्रक्रिया फोल्डर

➢ **छ.ग. राज्य सहकारी संघ की उपलब्धि :–**

- छ.ग. राज्य सहकारी के द्वारा सहकारिता एवं कृषि के क्षेत्र में पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किये जाने हेतु सुझाव दिया गया, जिसके फलस्वरूप भारत सरकार द्वारा छ.ग. के श्रीमती फुलबासन यादव एवं श्रीमती शमशाद बेगम को पद्मश्री पुरस्कार प्रदान किया गया।
- छत्तीसगढ़ राज्य को राष्ट्रीय सहकारिता सम्मानः–
- राष्ट्रीय स्तर पर सहकारी आन्दोलन को आगे बढ़ाने व सहकारिता का प्रचार–प्रसार करने एवं सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए संघ को भारतीय राष्ट्रीय सहकारी संघ, नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2013 को माह जुलाई में राष्ट्रीय स्तर पर द्वितीय स्थान प्रदान कर सहकारिता सम्मान पत्र सह स्मृति चिन्ह से सम्मानित किया गया। उक्त सम्मान तत्कालीन मंत्री, भारत सरकार माननीय शिवराज पाटिल के द्वारा प्रदान किया गया।
- छ.ग. शासन द्वारा सहकारिता के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदान किये जाने वाले ठाकुर प्यारे सिंह सम्मान इस वर्ष राज्य सहकारी संघ के विशेषज्ञ संचालक एवं अध्यक्ष छ.ग. राज्य सहकारी आवास संघ माननीय अशोक अग्रवाल जी को प्रदान किया गया है।